20.1.2025 पत्रावली पेश। पक्षकार उपस्थित। उभय पक्ष अधिवक्ता की बहस सुनी गई। प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा बहस में प्रार्थना पत्र के कथनों को दोहराते हुए बताया कि प्रार्थीगण की खातेदारी व मालिकाना हक हकूक कब्जा काश्त की आराजी मौजा विष्णुनगर के खसरा नम्बर 86 रकबा 1.40 हैक्टेयर को जिसमें प्रार्थीगण का पीढ़ियों से सहज व शांतिपूर्वक निर्बाध रूप से कब्जा काश्त निरन्तर चला आ रहा है। लेकिन अभी कुछ विवादित भूमि की कीमतों में वृद्धि होने से अप्रार्थीगण येन-केन प्रकारेण [illegible] प्रार्थीगण को बेदखल करना चाहते [illegible] बाद में निवेदन कर

(हस्ताक्षर)

सहायक कलेक्टर, सांचौर
(उपखण्ड अधिकारी, सांचौर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2025.01.27 12:03:00 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner

अस्थाई निषेधाज्ञा जारी फरमावें कि प्रार्थिया की उक्त आराजी में अप्रार्थीगण दखलंदाजी न तो स्वयं करें व न ही अन्य किसी से करावें।

अप्रार्थी संख्या ① के अधिवक्ता द्वारा बहस में जवाब के तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि विवादित आराजी में प्रार्थिया का कोई कब्जा काश्त नहीं है। कब्जा काश्त अप्रार्थी का पुराना होने से इकरारनामा के जरिये विधिवत कब्जा प्राप्त किया गया था। जिसे अप्रार्थी प्रतिकूल कब्जे के आधार पर मालिक बन चुका है। अतः प्रार्थिया अस्थाई निषेधाज्ञा प्राप्त करने के अधिकारी नहीं होने से प्रार्थिया का प्रार्थना पत्र मय खर्चा खारिज फरमावें।

हमने पत्रावली व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किया। बहस तर्कों पर मनन करने पर पाया कि हस्तगत प्रकरण में विवादित आराजी खसरा संख्या 86 रकबा 1.40 हैक्टेयर राजस्व रेकर्ड में प्रार्थिया व सीमो पति खापड़ के नाम दर्ज है। अप्रार्थी संख्या ① उक्त आराजी में खातेदार नहीं है तथा प्रार्थिया का भी प्रार्थना पत्र में सभी सहखातेदारों को पक्षकार नहीं बनाया गया है तथा उक्त आराजी में प्रार्थिया ही खातेदार है अतः प्रकरण में अप्रार्थीगण के विरुद्ध अस्थाई निषेधाज्ञा जारी [illegible] उचित नहीं समझता हूं। ऐसी स्थिति में [illegible] प्रार्थना पत्र खारिज [illegible] है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2025.01.27 12:03:00 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलेक्टर, सांचौर
(उपखण्ड अधिकारी, सांचौर)।

Scanned with OKEN Scanner